पुस्तक-प्राप्ति-स्थानः—

१. मंत्री श्री० दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी
महावीर पार्क रोड, जयपुर (राजस्थान)

२. मैनेजर श्री दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी
श्रीमहावीरजी (राजस्थान)

३. वीर पुस्तक भण्डार
श्री वीर प्रेस, जयपुर (राजस्थान)

४. वीर पुस्तक मंदिर
श्रीमहावीरजी (राजस्थान)

प्रथम संस्करण

वीर निर्वाण संवत् २४८०
वि० सं० २०१०
जनवरी १९५४

मुद्रकः—
भंवरलाल न्यायतीर्थ
श्री वीर प्रेस, जयपुर।

★ विषय-सूची ★

		पृष्ठ संख्या
१.	प्रकाशकीय	अ
२.	सम्पादकीय	इ
३.	महत्त्वपूर्ण एवं अप्रकाशित ग्रन्थों के नाम	क
४.	शुद्धाशुद्धिपत्र	ग
५.	ग्रन्थसूची:—	

विषय	पं० लूणकरणजी के मन्दिर के ग्रन्थ पृष्ठ	बड़े मन्दिर के ग्रन्थ पृष्ठ
सिद्धान्त एवं चर्चा	१–६	१२५–१४८
धर्म एवं आचार शास्त्र	६–६	१४८–१७५
अध्यात्म	१०–१२	१७५–१६२
न्याय एवं दर्शन	१२–१३	१६३–२०१
प्रतिष्ठा एवं अन्य विधान	१३–१४	२०१–२०२
योगशास्त्र	१५	२०२–२०८
पुराण	१५–१७	२०८–२१६
चरित्र	१७–२०	२२०–२३४
कथा साहित्य	२०–२४	२३५–२४४
काव्य	२४–२६	२४४–२५५
इतिहास	२६	२५५
नाटक	२७	२५६
व्याकरण	२७–२६	२५६–२६५
कोश	२६–३०	२६५–२६८
आयुर्वेद	३१–३५	२६८–२६६
ज्योतिषादि निमित्त-ज्ञान साहित्य	३५–३८	२६६–२७४
मंत्र तंत्रादि	३८–४१	२७५–२७६
छन्दशास्त्र	४१–४२	२७६–२७७

विषय	पं० लूणकरणजी के मन्दिर के ग्रन्थ पृष्ठ	बड़े मन्दिर के ग्रन्थ पृष्ठ
रस एवं अलंकार	४२	२७८–२८०
गणितशास्त्र	—	२८१–२८२
कामशास्त्र	४३	२८२
लोकविज्ञान	४३	२८२–२८५
सुभाषित	४३–४४	२८६–२९१
नीतिशास्त्र	४५	२९२–२९३
स्तोत्र	४६–५४	२९३–३०७
पूजा साहित्य	५५–७०	३०७–३१९
प्राचीन लेख संग्रह	—	३१९–३२०
संगीत एवं नृत्यकला	—	३२०
लक्षण एवं समीक्षा साहित्य	७०–७१	३२१–३२२
स्फुट एवं अवशिष्ट साहित्य	७१–७२	३२२–३२७
संग्रह (गुटके)	७३–१२४	३२८–३९६

६. ग्रन्थकार सूची ---- ---- पृष्ठ ३९७–४२८

प्रकाशकीय

राजस्थान जैनों का मुख्य केन्द्र रहा है और अब भी है। सबसे अधिक संख्या में यहीं जैन रहते हैं। यहां के मन्दिर एवं उनमें स्थित शास्त्र भण्डार भारत भर में प्रसिद्ध हैं। यहां के गांव २ और नगर २ में जैन साहित्य बिखरा पड़ा है जिसे एकत्रित करके प्रकाश में लाने की अत्यधिक आवश्यकता है। मेरा तो दृढ विश्वास है कि राजस्थान के शास्त्र भण्डारों में उपलब्ध होने वाला साहित्य जैन इतिहास ही नहीं किन्तु भारतीय इतिहास तैयार करने के लिये भी अमूल्य निधि है जिसका विद्वानों को अवश्य उपयोग करना चाहिये।

राजस्थान के इस बिखरे हुये साहित्य की खोज एवं छानबीन के विषय में सर्व प्रथम हमें श्री पं० चैनसुखदासजी साहब न्यायतीर्थ जयपुर से प्रेरणा मिली और उन्हीं की प्रेरणा से दि० जैन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी की प्रबन्ध कारिणी कमेटी ने साहित्य सेवा का यह पुनीत कार्य अपने हाथ में लिया। सबसे पहिले राजस्थान के शास्त्रभण्डारों में उपलब्ध ग्रन्थों की एक सूची तैयार करवाने का निश्चय किया जिससे उनमें उपलब्ध साहित्य के विषय में विद्वानों को जानकारी प्राप्त हो सके। इसी निश्चय के फल स्वरूप सबसे पहिले आमेर शास्त्र भण्डार व जयपुर शहर के मन्दिरों के भण्डारों की छानबीन एवं सूची तैयार करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। क्योंकि अकेले जयपुर के शास्त्र भण्डारों में २०-२५ हजार तक ग्रन्थ मिलने का अनुमान किया जाता है। अब तक शहर के ६ भण्डारों के दस हजार ग्रन्थों की सूची तैयार हो चुकी है। जिनमें प्रथम और इस द्वितीय भाग में मिला कर ६ हजार से अधिक ग्रन्थों की सूची प्रकाशित हो चुकी है। ग्रन्थ सूची का तीसरा भाग भी प्रायः तैयार सा ही है और उसे भी प्रकाशन के लिए शीघ्र ही प्रेस में दे दिया जावेगा।

ग्रन्थ सूची तैयार करना बड़ा कठिन कार्य है। जैनों के शास्त्र भण्डारों की प्रायः अच्छी हालत नहीं है। ये शास्त्र भण्डार व्यवस्थित तो होते ही नहीं है किन्तु उनकी दशा भी शोचनीय रहती है। इसलिये जिस भण्डार की सूची बनाने का कार्य प्रारम्भ किया जाता है तो वहां के भण्डार को भी पूर्ण व्यवस्थित बनाना पड़ता है। शास्त्रों को जो अब तक एक २ वेष्टन में कितनी ही संख्या में पाये जाते थे उन्हें पृथक् २ एक २ वेष्टन में लगाया जाता है तथा उन्हें फिर अकारादिक्रम से रखा जाता है। प्रत्येक शास्त्र के ऊपर एक कार्ड लगा दिया जाता है जिसमें शास्त्र का संक्षिप्त परिचय दे दिया जाता है। इस प्रकार ग्रन्थ सूची बनाने के साथ २ शास्त्र भण्डार को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित बनाना पड़ता है। इस कार्य में पैसा तो अधिक खर्च होता ही है किन्तु समय भी काफी खर्च हो जाता है। फिर भी हमें तो अत्यधिक

राजस्थान में जैन संस्कृति के स्थान २ पर दर्शन होते हैं। आबू के देलवाडा के जैन मन्दिर, जयपुर और सांगानेर के विशाल जैन मन्दिर आदि जैन संस्कृति से सम्बन्धित कृतियें इस बात की साक्षी हैं कि प्राचीन काल में राजस्थान जैन धर्म के प्रधान अभ्युदय का केन्द्र था। यहाँ के शासक यद्यपि जैन धर्मावलम्बी तो नहीं थे किन्तु वे समय समय पर जैन धर्म की प्रभावना के लिये काफी सहयोग दिया करते थे।

राजस्थान में सबसे अधिक शास्त्र-भण्डारों का मिलना इस बात का प्रमाण है कि यहां के लोग बड़े श्रद्धालु और सरस्वती भक्त थे। जहां कहीं भी जैन मन्दिर है वहां छोटा मोटा शास्त्र भण्डार अवश्य है। आमेर, जयपुर, नागौर. जैसलमेर, पाटन, दौसा, मोजमाबाद, दांता, कुचामन, सीकर, मारोठ, जोधपुर, बीकानेर आदि स्थानों के शास्त्र भण्डारों में प्राप्त ग्रन्थों की संख्या की जावे तो सम्भवतः वह एक लाख से अधिक पहुंच सकती है। अकेले नागोर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार में १२-१३ हजार से भी अधिक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। इन भण्डारों में केवल जैन साहित्य अथवा जैनाचार्यों द्वारा लिखा हुआ साहित्य ही नहीं है किन्तु अजैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये ग्रन्थ भी हजारों की संख्या में मिलते हैं। उनमें बहुत से ग्रन्थ तो ऐसे भी हैं जिनकी प्रतियां केवल जैन भण्डारों में ही उपलब्ध हुई हैं। साहित्य के इस महान् संग्रह में जैनों की असाम्प्रदायिकता सदैव प्रशंसनीय रहेगी।

राजस्थान के इन ग्रन्थालयों की सुरक्षा का वास्तविक श्रेय भट्टारकों, यतियों, विद्वानों एवं श्रावकों को है जिन्होंने साहित्य को नष्ट होने से बचा कर साहित्य एवं देश की सबसे बडी सेवा की। उनके इस कठिन प्रयत्न स्वरूप ही आज हमें प्राचीन शास्त्रों के दर्शन होते हैं। लेकिन यह भी कम दुःख का विषय नहीं है कि हमने शास्त्रों की सुरक्षा की ओर तो ध्यान रखा किन्तु जब उनके प्रचार का समय आया तो ग्रन्थों को ताले में बन्द करके हम गहरी मोहनिद्रा में सोते रहे और जगाने पर भी नहीं जागे। इस स्थितिपालकता से हमारी जो हानि हुई, उसका अंदाजा लगाना कठिन है। उन्हें बाहरी आक्रमण से तो किसी तरह बचाया, किन्तु भण्डार के भीतर रहने वाले ग्रन्थों के महान् शत्रु चूहे, दीमक एवं सील आदि को ग्रन्थों पर प्रहार करने की पूर्ण स्वतन्त्रता देदी, जिससे उन्होंने हजारों ग्रन्थों का सफाया कर दिया। फिर भी हमारा अहोभाग्य है कि जो कुछ हमें विरासत में मिला है वह भी कम नहीं है।

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि राजस्थान में जितना जैन साहित्य मिलता है उतना भारत के अन्य प्रान्तों में नहीं मिलता। फिर भी इन भण्डारों में उपलब्ध साहित्य के विषय में परिचय प्रकट करने का समाज की ओर से कोई विशेष प्रयत्न नहीं किया गया। जैसलमेर, पाटन, आमेर आदि कुछ भण्डारों को छोड़कर शेष भण्डारों की अभी तक कोई पूरी छानबीन भी नहीं हुई है जिससे यह जाना जा सके कि अमुक भण्डार में कौन कौनसे ग्रन्थ हैं। ग्रन्थालयों का निरीक्षण एवं उनकी सूची आदि के प्रकाशन के कार्य में श्वेताम्बर समाज का प्रयत्न तो अवश्य ही प्रशंसनीय है। लेकिन दिगम्बर जैन समाज का अभी इस ओर कुछ भी ध्यान नहीं गया है। इसलिये मैं सभी दिगम्बर जैन मंदिरों एवं शास्त्र-

भण्डारों के प्रबन्धकों से निवेदन करूंगा कि वे अपने यहाँ के भण्डारों की समुचित व्यवस्था कर उन्हें वास्तविक उपयोग के योग्य बनावें। क्योंकि आज समय की सबसे बड़ी मांग साहित्य-प्रचार ही है।

हर्ष की बात है कि श्री दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी के मन्त्री महोदय एवं प्रबन्ध कारिणी के अन्य सदस्यों ने समय की मांग के अनुसार आज के करीब ५ वर्ष पहले एक छोटे से रूपमें अनुसन्धान विभाग की स्थापना की और ग्रन्थभण्डारों की छानवीन तथा प्राचीन एवं नवीन साहित्य के निर्माण के कार्य को अपने हाथ में लिया। तब से आज तक इस विभाग के अधीन बराबर कार्य चल रहा है। अब तक यहां से आमेर शास्त्र भण्डार की ग्रन्थ सूची, प्रशस्तिसंग्रह, तामिल भाषा का जैन साहित्य, Jainism, key to true Happiness तथा सर्वार्थसिद्धि नामक पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। आमेर शास्त्र भण्डार की ग्रन्थ सूची एवं प्रशस्ति-संग्रह के प्रकाशित हो जाने से अपभ्रंश भाषा के विशाल साहित्य का परिचय विद्वानों को मिला। जिससे अपभ्रंश साहित्य की लोकप्रियता का विस्तार एवं उसकी विशेषतायें विद्वानों को मालूम हुई। हिन्दी भाषा के आचार्य डा० हजारीप्रसादजी द्विवेदी ने प्रशस्ति-संग्रह पढने के पश्चात् अपने "हिन्दी साहित्य का आदिकाल" नामक ग्रन्थ में जो शब्द लिखे हैं उन्हें पाठकों की जानकारी के लिये नीचे दिया जाता है—

"सन् १९५० में..........आमेर शास्त्र भण्डार (जयपुर) के ग्रन्थों का एक प्रशस्ति-संग्रह प्रकाशित हुआ है जिसमें लगभग ५० अपभ्रंश ग्रन्थों की प्रशस्तियां संग्रहीत हैं। इनमें से कुछ का तो विद्वानों को पहिले भी पता था, कुछ नई हैं। इनमें स्वयम्भू, पुष्पदन्त, पद्मकीर्त्ति, वीर, नयनन्दि, श्रीधर, श्रीचन्द, हरिषेण, अमरकीर्त्ति, यशःकीर्त्ति, धनपाल, श्रुतकीर्त्ति, माणिक्यराज, रइधू आदि की कृतियां हैं। अधिकांश रचनायें १३ वीं शताब्दी के बाद की बतायी गयी हैं। पर उसके बाद भी १६ वीं शताब्दी तक अपभ्रंश में रचनायें होती रही हैं। इस प्रशस्ति संग्रह में रइधू, यशःकीर्त्ति, धनपाल, श्रुतकीर्त्ति, और माणिक्यराज चौदहवीं और उसके बाद के कवि हैं।

ये ग्रन्थ अधिकतर जैन-ग्रन्थभण्डारों से ही प्राप्त हुये हैं और अधिकांश जैन कवियों के लिखे हुये हैं। स्वभावतः इनमें जैनधर्म की महिमा गायी गयी है और उस धर्म के स्वीकृत सिद्धान्तों के आधार पर ही जीवन बिताने का उपदेश दिया गया है। परन्तु इस कारण से इन पुस्तकों का महत्त्व कम नहीं हो जाता। परवर्ती हिन्दी साहित्य के काव्य रूप के अध्ययन में ये पुस्तकें बहुत सहायक हैं।"

वर्त्तमान में क्षेत्र की ओर से राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की वृहद् सूची बनाने का कार्य चालू है। सबसे पहिले जयपुर शहर के शास्त्र भण्डारों की सूची बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। और अब तक करीब ५ शास्त्र भण्डारों के ७ हजार ग्रन्थों की सूची प्रायः तैय्यार हो चुकी है। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में जयपुर के प्रसिद्ध दो शास्त्र भण्डारों के ग्रन्थों को ही लिया गया है।

शास्त्र भण्डार पं० लूणकरणजी पांड्या जयपुर—

श्री० पं० लूणकरणजी का मंदिर जयपुर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन मन्दिरों में से एक है। यह लूणा पांड्या के मन्दिर के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। पं० लूणकरणजी जैन यति थे, जो पांड्या कहलाते थे। उनका जन्म कब और कहाँ हुआ तथा वे कब यति बने आदि विषयों के सम्बन्ध में यहाँ के शास्त्र भण्डार में कोई उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु इसी भण्डार में यशोधर चरित्र की एक सचित्र प्रति की लेखक-प्रशस्ति में एक उल्लेख मिला है। ÷

इस प्रशस्ति में पं० लूणकरणजी को यशोधर की प्रति भेंट देना लिखा है। यदि ये ही पं० लूणकरणजी हैं तो इनका समय १८-१९ वीं शताब्दी का होना चाहिये। यह भी हो सकता है कि ये पहिले कहीं अन्य स्थान में रहते हों और बाद में जयपुर आकर रहने लगे हों और इसी मन्दिर को अपना केन्द्र स्थान बनाया हो।

इसी भण्डार में पं० लूणकरणजी का एक चित्र भी मिला है जिसमें भगवान के एक ओर पं० लूणकरणजी बैठे हुये हैं तो दूसरी ओर रायचन्दजी खडे हुये हैं। रायचन्दजी नाम उक्त प्रशस्ति में भी आया है और उनके द्वारा यशोधर की सचित्र प्रति पं० लूणकरणजी को भेंट देना लिखा है। इसलिये इन दोनों के आधार पर इनका समय १८-१९ वीं शताब्दी ही निश्चित होता है। ये भट्टारक जगत्कीर्त्ति के शिष्य एवं पं० खींवसीजी के शिष्य थे।

जनश्रुति के अनुसार वे इसी मन्दिर में रहा करते थे और अपना अधिकांश समय साहित्य एवं जन सेवा में ही व्यतीत किया करते थे। उनके कितने ही शिष्य थे। उनमें पं० स्वरूपचंदजी प्रमुख थे। पं० स्वरूपचंदजी भी जयपुर के अच्छे साहित्यकारों में से थे। आयुर्वेद, ज्योतिष एवं मन्त्रशास्त्र आदि के साहित्य से उनकी विशेष रुचि थी। वे स्वयं भी इन विषयों के विद्वान् थे। यही कारण है कि इस शास्त्र भण्डार में मंत्रशास्त्र, ज्योतिष एवं आयुर्वेद आदि विषयों का जयपुर के अन्य शास्त्र भण्डारों की अपेक्षा अधिक साहित्य है। यह ग्रन्थ भण्डार उन्हीं का संग्रह किया हुआ है। अपने जीवन में १ हजार से अधिक हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह करके उन्होंने साहित्य प्रेम का ज्वलन्त उदाहरण समाज के समक्ष उपस्थित किया।

इस शास्त्र भण्डार में ८०० हस्तलिखित ग्रन्थ एवं २२५ गुटके हैं। सबसे प्राचीन प्रति इस भण्डार में परमात्मप्रकाश की है जो संवत् १४०७ में लिखी गयी थी। भण्डार में कई सचित्र प्रतियां हैं इन सब में भट्टारक सकलकीर्त्ति कृत यशोधर चरित्र उल्लेखनीय है। इसमें लगभग ३५ चित्र हैं जो सभी

÷ संवत् १७८८ आसोज मासे शुक्लपक्षे दशम्यां तिथौ बुधवासरे वृन्दावत्यां नगर्यां.......खंडेलवालान्वये अजमेरा गोत्रे..........एतेषां मध्ये चिरंजीवि श्री रायचन्दजी तेनेदं यशोधरचरित्रं निजज्ञानावर्णीकर्मक्षयार्थ भट्टारक श्री जगत्कीर्ति तत् शिष्य विद्वन्मंडलीमंडित पंडितजी श्री खींवसीजी तत् शिष्य पं० लूणकरणाय घटापितं।

कथा के आधार पर तैय्यार किये हुये हैं। चित्र सुन्दर एवं कलापूर्ण हैं। चित्रों पर मुगलकालीन कला की छाप स्पष्ट झलकती है। इस पुस्तक के अतिरिक्त जितनी भी सचित्र प्रतियां हैं वे प्रायः सभी मंत्र शास्त्र एवं विधि विधानों की हैं। ज्वालामालिनी, भैरव, पद्मावती, महामृत्युञ्जय यंत्र आदि के चित्र उल्लेखनीय हैं। कुछ चित्र देवी देवताओं के हैं जिनमें पद्मप्रभ, कालिकादेवी, नृसिंहावतार, पद्मावतीदेवी, गणेशजी, धरणेंद्र पद्मावती, सोलहस्वप्न आदि के चित्र आकर्षक हैं। ५० से भी अधिक व्रतों के मण्डलों के एवं ६० के करीब मन्त्रों के चित्र हैं। कलिकुण्डपार्श्वनाथयंत्र, सूर्यप्रतापयंत्र, तीजापौहूतयंत्र, वज्रपंजरयंत्र, चतुःषष्टियोगिनी आदि के चित्र भी हैं।

शास्त्रभण्डार श्री दि० जैन मन्दिर बडा तेरहपंथियों का जयपुर—

जयपुर नगर बसने के कुछ समय बाद ही इस मन्दिर का निर्माण हुआ। मन्दिर के नाम के पूर्व जो 'बडा' शब्द लगाया गया है, वह तेरह पंथ आम्नाय की दृष्टि से है। तेरह पन्थ आम्नाय वाले मन्दिरों में यह मन्दिर सबसे प्रमुख है। इसके अतिरिक्त यह एक पञ्चायती मन्दिर भी है। प्रारम्भ से ही इस मन्दिर को साहित्यिक एवं धार्मिक क्षेत्र में केन्द्रस्थान होने का सौभाग्य मिला है। जयपुर में होने वाले प्रतिष्ठित साहित्यिकों का भी इस मन्दिर से अत्यधिक सम्पर्क रहा है तथा उनमें से कितने ही विद्वानों को तो इसी मन्दिर में बैठकर ग्रन्थ रचना करने का अवसर भी मिला था। इन विद्वानों में महापंडित टोडरमलजी, पं० जयचन्दजी छाबडा, पं० सदासुखजी कासलीवाल, बाबा दुलीचन्दजी के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस मन्दिर में स्थित शास्त्र भण्डार जयपुर के अन्य शास्त्र भण्डारों की अपेक्षा उत्तम एवं वृहद् है। यहाँ दो शास्त्र भण्डार हैं। एक स्वयं बड़े मन्दिर का शास्त्र भण्डार तथा दूसरा बाबा दुलीचन्दजी द्वारा स्थापित शास्त्र भण्डार। प्रस्तुत पुस्तक में बड़े मन्दिर के शास्त्र भण्डार के ग्रन्थों की ही सूची दी गयी है। बाबा दुलीचन्द के भण्डार की सूची भी तैयार हो गयी है किन्तु उसे अगले भाग में प्रकाशित की जावेगी।

सूची बनाने से पूर्व शास्त्र भण्डार की अवस्था कोई अच्छी नहीं थी। शास्त्र भण्डार में कुल कितने ग्रन्थ हैं और वे कौन कौनसे हैं इसका पूर्ण परिचय मिलना कठिन था। क्योंकि सैंकडों ऐसे ग्रन्थ निकले हैं जिनके विषय में कोई भी उल्लेख नहीं था। इसके अतिरिक्त कोई सूचीपत्र न होने के कारण किसी ग्रन्थ को बाहर स्वाध्याय के लिये निकालना कठिन था। सभी ग्रन्थ अव्यवस्थित रूपमें रखे हुये थे। एक २ वेष्टन में दस दस शास्त्र तक बंधे हुये थे। तथा बहुत से ग्रन्थ तो बिना वेष्टन ही विराजमान थे। सभी गुटके एक आलमारी में बिना वेष्टन ही रखे हुये थे। पता नहीं कितने वर्षों से वे इसी रूपमें आलमारी की शोभा बढ़ा रहे थे। जिनवाणी माता की यह अवस्था देखकर बहुत दुःख हुआ लेकिन कहा किससे जावे। जिससे भी कहा जावे उसका यही उत्तर होता है कि हमतो इन शास्त्रों के विषय में समझते

नहीं हैं जो उन्हें संभाल कर रखें। मन्दिरों में सोना जड़ाने वाले और उसे थोथे वैभव से अलंकृत करने वाले इस अमूल्य साहित्य का क्या मूल्य जानें। इनके लिये तो शास्त्र भण्डार एक श्रद्धा की वस्तु है जिसकी वे पूजा कर सकते हैं, रक्षा नहीं। चूहे और दीमकों की भेंट चढ़ा सकते हैं लेकिन ग्रन्थ को पढ़ने के लिये शास्त्र भण्डार से बाहर निकाल कर किसी को दे नहीं सकते।

इसी मन्दिर में कुछ ग्रन्थ बोरियों में भरे थे। यह हमारी उस लापरवाही का परिणाम है जिसके अनुसार हम शास्त्रों के पन्ने पढ़ने के लिये घर ले जाया करते थे। लेकिन उन्हें कभी वापिस लौटाने का प्रयत्न नहीं करते थे। मेरे लिये यह तो संभव नहीं था कि सारे अपूर्ण ग्रन्थों के पत्रों को ढूंढ कर पूर्ण कर देता फिर भी एक लंबे अर्से के प्रयत्न अथवा छानबीन के बाद इनमें से कुछ ग्रन्थों को तो पूर्ण कर लिया गया और कुछ अपूर्ण ग्रन्थों के पत्रों का संकलन भी हो सका। हर्ष की बात है कि इन विकीर्ण पत्रों में कुछ ऐसे भी ग्रन्थ मिले जो अभी तक किसी भी शास्त्र भण्डार में उपलब्ध नहीं हुये थे। इन ग्रन्थों में महाकवि स्वयम्भू कृत पउमचरिय एवं महाकवि वीर कृत जम्बूस्वामी चरिउ का संस्कृत टिप्पण है। इन्हीं बोरियों में से करीब ४०० अपूर्ण एवं फुटकर ग्रन्थों का संकलन किया गया। इनमें से कुछ तो इसी सूची में आगये हैं और शेष ग्रन्थों को एक दम अपूर्ण होने से छोड दिया गया है।

इस भण्डार में सब मिला कर २६२६ ग्रन्थ हैं इनमें ३२४ गुटके भी सम्मिलित हैं। इन गुटकों में भिन्न २ छोटे २ पाठों के संग्रह के अतिरिक्त छोटे २ ग्रन्थों का भी संग्रह है। यदि इनमें उपलब्ध साहित्य को देखा जावे तो बहुत से गुटके तो ऐसे मिलेंगे जो एक ही कई ग्रन्थों के बराबर हैं। इस शास्त्र भण्डार में ग्रन्थों का संग्रह प्राचीनता, श्रेष्ठता एवं अन्य सभी दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। भाषाओं में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी इन ४ भाषाओं की रचनाओं का यहाँ संग्रह है। विषय सूची को देखकर पाठकगण जान सकेंगे कि ऐसा कोई उल्लेखनीय विषय नहीं छूटा है जिसके साहित्य का इस भण्डार में संग्रह नहीं किया गया हो। लौकिक एवं पारलौकिक दोनों ही तत्त्वों से सम्बन्धित साहित्य का उत्तम संग्रह आपको इस भण्डार में मिल सकता है।

इस भण्डार में जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये साहित्य का ही संग्रह नहीं है किन्तु जैनेतर विद्वानों द्वारा लिखित ग्रन्थों का भी यहाँ उत्तम संग्रह है। इन ग्रन्थों में व्याकरण, काव्य, कथा, आयुर्वेद, ज्योतिष, संगीत आदि विषयों से सम्बन्धित साहित्य विशेष उल्लेखनीय है। साहित्य संग्रह में जैनों का हमेशा ही उदार दृष्टिकोण रहा है। उन्होंने, जहाँ कहीं भी उत्तम साहित्य मिला उसीका विना किसी भेद भाव के संग्रह करके अपने शास्त्र भण्डारों की शोभा को बढाया है। साम्प्रदायिकता की हवा साहित्य संग्रह की नीति में उन्हें छू भी नहीं गयी है।

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है इस भण्डार में संस्कृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी आदि सभी भाषाओं के साहित्य का उत्तम संग्रह है। संस्कृत साहित्य के उपलब्ध ग्रन्थों में अष्टसहस्री, उदार-

पुराण की टीका, तत्त्वार्थसूत्र टीका, नागकुमार चरित्र, भरटकद्वात्रिंशिका, राजवंशवर्णन, आदिपुराण की सचित्र प्रति उल्लेखनीय हैं। अष्टसहस्री की संवत् १४९० की एक प्राचीन प्रति भण्डार में प्राप्त हुई है। प्रति शुद्ध एवं सुन्दर है तथा सम्पादन करनेवालों के लिये काफी महत्त्व की है। आचार्य गुणभद्र कृत उत्तरपुराण का एक संस्कृत टिप्पण भी प्राप्त हुआ है जिससे पुराण के गूढ़ अर्थ को समझने में काफी सहायता मिल सकती है। उत्तर पुराण पर मिलने वाला यह पहिला टिप्पण है। जिनसेनाचार्य कृत आदिपुराण की भी एक सचित्र प्रति इसी भण्डार में है। यद्यपि चित्र उतने सुन्दर नहीं हैं फिर भी प्रति दर्शनीय है। भरटकद्वात्रिंशिका में छोटी छोटी ३२ कथाओं का संग्रह है जो छोटे बच्चों के लिये काफ़ी उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। 'राजवंशवर्णन' एक छोटा सा ग्रन्थ है जिनमें भारत में होने वाले प्रायः सभी राजवंशों तथा उनमें होने वाले राजाओं का नाम, उनका शासनकाल आदि दिया हुआ है। इसी प्रकार तत्त्वार्थ सूत्र की टीका एवं नागकुमार चरित्र (धर्मधर कृत) ये दोनों ही रचनायें नवीन हैं और उत्तम हैं।

भण्डार में उपलब्ध अपभ्रंश साहित्य तो और भी महत्त्वपूर्ण है। अपभ्रंश एवं प्राकृत के ग्रन्थों की प्राचीन प्रतियों के अतिरिक्त कुछ ऐसी भी रचनायें हैं जो केवल इसी भण्डार में सर्व प्रथम उपलब्ध हुई हैं। प्राचीन प्रतियों में कुन्दकुन्दाचार्य कृत पञ्चास्तिकाय की संवत् १३२९ की प्रति मिली है जो भण्डार में उपलब्ध प्रतियों में सबसे प्राचीन प्रति है। इसके अतिरिक्त जितनी भी अन्य प्रतियां हैं वे अधिकांश १४ वीं शताब्दी से १६ वीं शताब्दी तक की हैं। महाकवि पुष्पदन्त विरचित आदिपुराण की यहाँ एक सचित्र प्रति भी उपलब्ध हुई है। यह प्रति संवत् १५९७ की है। इसमें ५०० से भी अधिक रंगीन चित्र हैं। सभी चित्र भगवान् आदिनाथ एवं अन्य महापुरुषों के जीवन से सम्बन्ध रखने वाले हैं। चित्र उत्तम एवं कलापूर्ण हैं। नवीन उपलब्ध साहित्य में महाकवि स्वयम्भू कृत पउमचरिय का टिप्पण, महाकवि वीर कृत जम्बूस्वामी पर संस्कृत टिप्पण, आचार्य श्रुतकीर्त्ति कृत योगसार (योगशास्त्र), बारक्खरी दोहा, दामोदर कृत णेमिणाह चरिउ तथा तेजपाल कृत संभवणाह चरिउ उल्लेखनीय हैं। महाकवि धवल के हरिवंशपुराण की एक प्राचीन एवं सुन्दर प्रति भी मिली है। हरिवंशपुराण की एक या दो प्रतियां ही भारतवर्ष में उपलब्ध हैं ऐसा पढने में आया है। इसी प्रकार स्वयम्भू के पउमचरिय एवं वीर के जम्बूस्वामी चरिउ की भी सुन्दर प्रतियां उपलब्ध हुई हैं। इन ग्रन्थों की प्रतियां भी अन्य भण्डारों में बहुत कम संख्या में मिलती हैं।

हिन्दी भाषा की भी कितनी ही नवीन रचनाओं का पता लगा है। इसके अतिरिक्त भण्डार में जैन विद्वानों द्वारा लिखित हिन्दी जैन साहित्य का उत्तम संग्रह है। कवि देल्ह कृत 'चउबीसी गीत' एक हिन्दी की प्राचीन रचना मिली है। इसकी रचना संवत् १३७१ में समाप्त हुई थी। श्री दशरथ निगोत्या द्वारा संवत् १७१८ में विरचित धर्मपरीक्षा की हिन्दी गद्य टीका एवं ब्रह्मनेमिदत्त विरचित नेमिनाथ पुराण की टब्बा टीका हिन्दी गद्य साहित्य की उल्लेखनीय रचनायें हैं। श्री जोधराज गोदीका कृत पद्मनन्दि-पंचविंशति

की भाषा टीका भी उपलब्ध हुई है। इसकी रचना संवत् १७२२ में हुई थी। पं० दौलतरामजी कृत अध्यात्म बारहखडी की एक ऐसी प्रति मिली है जिसमें ४८२६ पद्य हैं। अब तक प्राप्त अध्यात्म बारहखडी की प्रतियों में यह सबसे महत्त्वपूर्ण एवं वृहद् प्रति है। इनके अतिरिक्त अन्य कितनी ही रचनायें हैं जो अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण हैं। इस प्रकार भण्डार में १४ वीं शताब्दी से लेकर २० वीं शताब्दी तक हिन्दी का उत्तम साहित्य मिलता है।

भण्डार में गुटकों की संख्या ३२४ है। प्राचीन काल में गुटकों में महत्त्वपूर्ण सामग्री के संग्रह करने की काफी रुचि थी। इन गुटकों में दैनिक काम आने वाले पाठों के अतिरिक्त महत्त्वपूर्ण साहित्य का भी संग्रह कर लिया करते थे। भण्डार में उपलब्ध अधिकांश गुटके स्वयं संग्रहकर्त्ता के हाथ से लिखे हुये हैं। कभी कभी श्रावक गण विद्वानों से भी उत्तम पाठ संग्रह करा लिया करते थे। इस भण्डार में उपलब्ध अनेक गुटके बहुत ही महत्त्व के हैं। संवत् १३७१ की जो हिन्दी की रचना मिली है वह भी गुटके में ही संग्रहीत थी। इन गुटकों में पूजा, स्तोत्र, भजन, आयुर्वेद के नुस्खे, मंत्र तंत्र ऐतिहासिक तथ्य आदि का उत्तम संग्रह मिला है। सभी जैन कवियों के पद व भजन संग्रह के अतिरिक्त नानक, गोपीचन्द, कबीर, मीराँ आदि के भी कितने ही पद इन गुटकों में लिखे हुये हैं। २५७ वें गुटके में पाठक गण देखेंगे कि कितने कवियों के सबद लिखे हुये हैं। वास्तव में यदि इन गुटकों के अध्ययन में थोडा समय दिया जावे तो काफी महत्त्वपूर्ण सामग्री की प्राप्ति हो सकती है।

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है, बडा मन्दिर सदा ही जयपुर के विद्वानों का केन्द्रस्थान रहा है। इसी कारण इस भण्डार में निम्न विद्वानों के ग्रन्थ उनके स्वयं के हाथ से लिखे हुये भी हैं। स्वयं ग्रन्थ निर्माता के हाथ से लिखे हुये ग्रन्थ की उपलब्धि होना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। ऐसे ग्रन्थों का ज्यों ज्यों समय बीतता जाता है वैसे ही उनका मूल्य भी बढता चला जाता है। इसलिये ऐसी प्रतियां देश एवं समाज की निधि हैं जिन्हें काफी सतर्कता से सुरक्षित रखने का प्रयत्न करते रहना चाहिये। भण्डार में निम्न विद्वानों के स्वयं अपने हाथ से लिखे ग्रन्थ मिलते हैं—

१. श्री जोधराज गोदीका — पद्मनन्दिपञ्चविंशतिभाषा

२. पं० जयचन्द्रजी छाबडा —
   १. प्रमेयरत्नमाला भाषा
   २. द्रव्यसंग्रह भाषा
   ३. स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा भाषा
   ४. सर्वार्थसिद्धि भाषा
   ५. अष्टपाहुड भाषा
   ६. समयसार भाषा
   ७. ज्ञानार्णव भाषा

पं० सदासुखजी कासलीवाल	१. तत्त्वार्थसूत्र टीका २. रत्नकरण्डश्रावकाचार भाषा

समाप्ति—

शास्त्र भण्डारों की छानबीन करने, ग्रन्थ सूची बनाने आदि का काम कितना परिश्रम साध्य तथा इसमें कितना समय लगता है इसे तो वे ही जान सकते हैं जिन्हें कभी इसका अनुभव हुआ हो। हमारे शास्त्र भण्डारों की अवस्था एवं वहाँ के व्यवस्थापकों का व्यवहार इस कार्य में कितना सहयोगी बनता है इसे यहाँ लिखने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि साहित्यिक क्षेत्र में काम करने वालों से यह छुपा हुआ नहीं है। लेकिन फिर भी हमें यदि कुछ साहित्य सेवा करनी है तो इन सब बातों की ओर से उपेक्षा वृत्ति ही धारण करनी पडेगी।

प्रस्तुत ग्रन्थ सूची विद्वानों के साथ २ साधारण पाठकों के लिये भी उपयोगी बन सके इसके लिये काफी प्रयत्न किया गया है। जहाँ तक हो सका वहाँ तक ग्रन्थकर्त्ता, भाषा, रचनाकाल, लेखनकाल, शुद्ध एवं अशुद्ध आदि की जानकारी देने में काफी प्रयत्न किया गया है, फिर भी यदि कहीं गल्ती रह गयी हो तथा ग्रन्थ सूची तैय्यार करने की रीति में कहीं सुधार की आवश्यकता हो तो पाठकगण मुझे सूचित करने का कष्ट करें जिससे भविष्य में प्रकाशित होने वाली ग्रन्थ सूचियों में उन्हें दूर किया जा सके।

धन्यवाद समर्पण—

सबसे पहिले मैं श्री दि० जैन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी के मन्त्री महोदय श्रीमान् सेठ बधीचन्दजी गंगवाल एवं अन्य सदस्यों को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने क्षेत्र की आय का एक भाग साहित्य सेवा में लगाने का निश्चय किया है, तथा राजस्थान के सभी शास्त्र भण्डारों की छानबीन करने तथा उनकी सूची आदि प्रकाशित कराने का सक्रिय एवं प्रशंसनीय कदम उठाया है। उनका यह प्रयास समाज की अन्य क्षेत्र संस्थाओं के लिये अनुकरणीय है।

पं० लूणकरजी के मन्दिर के प्रबन्धक बाबू मिलापचन्दजी बागायतवालों को धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता जिन्होंने अपने शास्त्र भण्डार की सूची बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। वास्तव में आप जैसे युवक यदि अन्य शास्त्र भण्डारों की सूची आदि बनाने में सहयोग देवें तो यह कार्य काफी शीघ्रता से किया जा सकता है।

श्री दि० जैन मन्दिर बडा तेरह पंथियों के प्रमुख प्रबन्धक स्व० श्री केशरलालजी पापडीवाल भी धन्यवाद के पात्र हैं। आपकी शीघ्र ही शास्त्र भण्डार को व्यवस्थित एवं उसकी प्रकाशित सूची को देखने की तीव्र इच्छा थी, लेकिन दुःख है कि आप एकाएक चल बसे। आपको हमेशा मन्दिर के प्रबन्ध एवं उसकी व्यवस्था की चिन्ता रहती थी। इसलिये आप अपना अधिकांश समय इसी कार्य में व्यतीत किया करते थे।

मेरे मित्र एवं सहयोगी श्री अनूपचन्दजी न्यायतीर्थ भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने सूची के प्रूफ रीडिंग एवं लेखक सूची बनाने में पूरा सहयोग दिया है। इस अवसर पर मैं मेरे आदरणीय विद्यादाता एवं पथप्रदर्शक श्री पं० चैनसुखदासजी साहब के प्रति भी कृतज्ञाञ्जलियें प्रकट किये बिना नहीं रह सकता जो मुझे इस पुनीत कार्य में समय २ पर प्रेरणा देते रहे हैं और मेरा पथ प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्हींकी सजीव प्रेरणा से मुझसे यह साहित्यिक सेवा सम्पन्न हो रही है।

जयपुर
ता० १-१-५४

कस्तूरचन्द कासलीवाल

कतिपय महत्त्वपूर्ण एवं अप्रकाशित ग्रन्थों के नाम—

ग्रन्थ सं०	ग्रन्थ का नाम	कर्त्ता का नाम	विषय	भाषा	ग्रन्थ-सूची पत्र
२४४	शुकराजहंसराज कथा	माणिक्यसूरि	कथा	संस्कृत	२३
२४८	सिद्धचक्र कथा	नरसेनदेव	,,	अपभ्रंश	२३
२७८	जयपुर के शासकों की वंशावलि	—	इतिहास	हिन्दी	२६
४४४	विद्यानुवाद	मल्लिषेण	मंत्र शास्त्र	संस्कृत	४१
२०७	पञ्चास्तिकाय भाषा	हीरानन्द	सिद्धान्त	हिन्दी	१४४
२४६	सिद्धान्तार्थसार	रइधू	,,	अपभ्रंश	१४७
३७३	पद्मनन्दिपञ्चविंशति	जोधराज गोदीका	,,	,,	१५६
४७२	रत्नकरण्ड शास्त्र	श्रीचन्द्र	,,	अपभ्रंश	१६७
५६४	अध्यात्मबारहखडी	दौलतरामजी	अध्यात्म	हिन्दी	१७५
६११	योगसार	श्रुतकीर्त्ति	योगशास्त्र	अपभ्रंश	२०५
६८०	आदिपुराण भाषा	अजयराज	पुराण	हिन्दी	२११
६६७	उत्तरपुराण टिप्पण	—	,,	संस्कृत	२१३
१००२	नेमिनाथपुराण टव्वा टीका	—	,,	हिन्दी	२१४
१०२६	पासणाहपुराण	रइधू	,,	अपभ्रंश	२१६
१०४५	हरिवंशपुराण	धवल	,,	,,	२१७
१०४६	,,	यशःकीर्ति	,,	,,	,,
१०८३	णेमिणाहचरिउ	दामोदर	चरित्र	,,	२२१
११०५	नागकुमारचरित्र	पं० धर्मधर	,,	संस्कृत	२२३
१११८	प्रद्युम्नचरित्र	महाकवि सिंह	,,	अपभ्रंश	२२४
११५२	मेघेश्वरचरित्र	पं० रइधू	,,	,,	२२७
११८५	श्रीपालचरित्र	पं० रइधू	,,	,,	२३२
१२१६	संभवनाथचरिउ	तेजपाल	,,	,,	२३३
१२२३	सुकुमालचरिउ	श्रीधर	,,	,,	,,
१२६२	भरटकद्वात्रिंशिका	—	कथा	संस्कृत	२३६
१३७५	जम्बूस्वामी चरिउ	महाकवि वीर	काव्य	अपभ्रंश	२४६
१३६८	पउमचरिय	,, स्वयम्भू	,,	,,	२४८
१३७३	चन्द्रप्रभचरित्र	यशःकीर्त्ति	,,	,,	२४६
१४५७	वर्द्धमानकाव्य	जयमित्रहल	,,	,,	२५३

ग्रन्थ सं०	ग्रन्थ का नाम	कर्त्ता का नाम	विषय	भाषा	ग्रन्थ-सूची पत्र
१४७१	षट्कर्मोपदेशरत्नमाला	अमरकीर्त्ति	काव्य	अपभ्रंश	२५५
१४७४	राजवंशवर्णन	—	इतिहास	संस्कृत	२५५
१६२६	जगसुन्दरीप्रयोगमाल	यशःकीर्त्ति	आयुर्वेद	अपभ्रंश	२६८
१७१४	सौभाग्यरत्नाकर	विद्यानंदनाथ	मंत्रशास्त्र	संस्कृत	२७६
१७३२	अमरूकशतक	अमरूक	अलंकार शास्त्र	"	२७८
१७३४	कविमुखमंडन	ज्ञानमेरुमुनि	"	"	"
१८२५	बारक्खरी दोहा	महचन्द	सुभाषित	अपभ्रंश	२८७
२०१८	शांतिनाथस्तवन	पद्मसुन्दर	स्तोत्र	संस्कृत	३०३
२२२६	संगीतशास्त्रसार	दामोदर	संगीत शास्त्र	"	३२०
२५६२	गुटका नं० २५६	—	संग्रह	हिन्दी	३८०

★ शुद्धाशुद्धि-पत्र ★

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ तथा पंक्ति
दशनसार	दर्शनसार	४-१३
सिद्धचद्रकथा	सिद्धचक्रकथा	२३-२३
शकुनाणव	शकुनार्णव	३८-१२
सूयप्रतापयन्त्र	सूर्यप्रतापयन्त्र	४१-१४
पंचमसचतुदशीव्रत पूजा	पंचमासचतुर्दशी व्रत पूजा	६४-१२
१७६२	१७००	७०-२५
१६६१	१६६३	७५-६
पल्लयविधान	पल्यविधान	८१-४
शनिञ्चर	शनिश्चर	१०४-१३
कुन्दछुन्दाचार्य	कुन्दकुन्दाचार्य	१०८-२४
हेमचन्द्र	हेमराज	११०-२७
विषभूषण	विश्वभूषण	११२-५
छा०	आ०	११५-१६
शंकराचा	शंकराचार्य	१२०-२८
अपणासार	क्षपणासार	१३२-३
सिद्धान्तवचूरि	सिद्धान्तावचूरि	१३७-२१
हीरानद	हीरानन्द	१४४-३
भावात्रिभंगी	भावत्रिभंगी	१४४-२८
श्लोकावार्तिक	श्लोकवार्तिक	१४५-२२
टोडरमलजी	जयचन्दजी	१४६-२२
भडारी	भंडारी	१४७-१८
५४८	५६३	१४८-६
टंका	टीका	१४८-१२
श्रीमञ्चामुड	श्रीमच्चामुंड	१५२-१८
सोलकी	सोलंकी	१५२-२८
वासवा	वसवा	१५४-१

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ तथा पंक्ति
नेभिदत्त	नेमिदत्त	१५६–२१
ध्यान	धर्म	१६०–११
नभर	नगर	१६३–१८
अन्तिम	अन्तिम	१६४–२१
वट्टेरकाचार्य	वट्टेरकाचार्य	१६६–५
वणाश्रमप्रकारिका	वर्णाश्रमप्रकाशिका	१७०–२३
३००	५००	२०६–५
उमास्वाति	—	३७१–२८
दशलक्षणविद्यालय	दशलक्षणविधान	३७३–२
कुन्दकुन्द	योगीन्द्रदेव	३७४–२१
सुवनकीर्त्ति	भुवनकीर्त्ति	३७६–२

ग्रन्थ सूची (भाग १)

भगवान् आदिनाथ अपनी दोनों पुत्रियों को पढा रहे हैं।

[महाकवि पुष्पदन्त कृत आदिपुराण की एक सचित्र प्रति जयपुर के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर बडा तेरहपंथियों के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई है। यह प्रति संवत् १५६७ की है। इसमें ५०० से अधिक चित्र हैं। सभी चित्र सुन्दर एवं कलापूर्ण हैं।]

भगवान् आदिनाथ के सामने अप्सरायें नृत्य कर रही हैं।

भगवान् आदिनाथ के राज्याभिषेक का एक दृश्य

सम्राट् भरत को सेनायें दिग्विजय के लिये प्रस्थान कर रही हैं।

महामन्त्री भरत और महाकवि पुष्पदन्त की प्रथम भेंट।

राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रन्थसूची

श्री दि० जैन मन्दिर लूणकरणजी पांड्या (जयपुर) के

ग्रन्थ

विषय–सिद्धान्त एवं चर्चा

ग्रन्थ संख्या–५६

१ अनन्तकाय वनस्पति भेद........। पत्र संख्या–४। साइज–११×४½ इञ्च। भाषा–प्राकृत। विषय–वनस्पति-काय के जीवों का वर्णन। रचना काल–×। लेखन काल–×। पूर्ण। दशा–सामान्य एवं शुद्ध। वेष्टन नं०–१५।

विशेष–गाथाओं का हिन्दी में संक्षिप्त अर्थ दिया हुआ है। इसमें प्राकृत भाषा में त्रिषष्टिशलाका पुरुष वर्णन तथा हिन्दी में तेरह काठिया वर्णन भी है। काठिया का लक्षण निम्न प्रकार से किया है—

जेवटपारे वाट में करहिं उपद्रव जोर।
तिनहिं देस गुजरात में कहहिं काठिया चोर॥

२ अष्टकर्मप्रकृति........। पत्र संख्या–५। साइज–१२×६ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–आठ कर्मों की प्रकृतियों का वर्णन। रचनाकाल–×। लेखनकाल–×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं०–१६।

३ आस्रवत्रिभंगी.......। पत्र सं०–५४। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–सिद्धान्त। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। अपूर्ण–एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं०–२५६।

४ प्रति नं०–२। पत्र सं०–४६। साइज–१०×४ इञ्च। लेखनकाल–×। अपूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं०–२५६।

५ उत्तराध्ययन टीका–टीकाकार–कमलसंयमोपाध्याय। पत्र सं०–२०७। साइज–१०½×४ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–आगम। टीकाकाल सं० १५५४–×। लेखनकाल×। अपूर्ण–प्रारम्भ के २१ तथा ११२ से १४७ तक के पत्र नहीं हैं। सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं०–२६०।

६ कर्मकाण्ड–आचार्य नेमिचन्द्र। पत्र सं०–५३। साइज–११×५ इञ्च। भाषा–प्राकृत। विषय–कर्मों का विस्तृत विवेचन। रचनाकाल–×। लेखनकाल–सं० १८७२ पौष सुदी १४। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–उत्तम। वेष्टन नं०......।

७ कर्मप्रकृति–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं०–२२ । साइज ११X५ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–कर्मों की प्रकृतियों का वर्णन । रचनाकाल–X । लेखनकाल–X । पूर्ण । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–२६ ।

विशेष–संस्कृत में कठिन शब्दों के पर्यायवाची शब्द दिये हुए हैं ।

८ प्रति नं०–२ । पत्र सं०–१५ । साइज–१०X६ इञ्च । लेखनकाल–X । पूर्ण । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–२६

विशेष–संस्कृत में शब्दार्थ दिया हुआ है ।

९ चतुर्दशगुणस्थानचर्चा········ । पत्र सं०–१२ । साइज–१२X५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–गुणस्थान चर्चा । रचनाकाल–X । लेखनकाल–X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–४४ ।

१० चर्चासमाधान–कवि भूधरदास । पत्र सं०–११६ । साइज–६½X६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–प्रश्नोत्तर के रूप में धार्मिक एवं सैद्धान्तिक प्रश्नों का समाधान । रचनाकाल–सं० १८०६ । लेखनकाल–सं० १८३० श्रावण सुदी ११ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं–४१ ।

११ चर्चासमाधान टीका········ । पत्र सं०–१० । साइज–६½X६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–चर्चा । रचनाकाल–X । लेखनकाल–X । पूर्ण । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ४१ ।

विशेष–१२२ चर्चाओं का समाधान है तथा मुख्यतः ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्मों पर चर्चायें हैं ।

१२ चौदहगुणस्थानचर्चा–श्री दीपचन्द कासलीवाल । पत्र सं०–२६ । साइज–५X२½ इञ्च । भाषा–हिन्दी गद्य । विषय–गुणस्थानों का वर्णन । रचनाकाल X । लेखनकाल X पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ४२ ।

१३ चौदहगुणस्थानचर्चा·············· । पत्र सं०–२१ । साइज ६X४½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–गुणस्थानों का वर्णन । रचनाकाल X । लेखनकाल X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ४२ ।

विशेष–साधारण चर्चायें है ।

१४ जीवसमास–श्री हेमराज । पत्र सं०–२८ । साइज–६X४½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–जीव तत्त्व का वर्णन रचनाकाल X । लेखनकाल X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ५० ।

विशेष–गोम्मटसार जीवकांड की १४७ गाथाओं के आधार पर जीवों का वर्णन किया गया है ।

१५ तत्त्वज्ञानतरंगिणी–भ० ज्ञानभूषण । पत्र सं०–१७ । साइज १०X५½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल–सं०–१५६० । लेखनकाल X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ५६ ।

१६ तत्त्वार्थसूत्र–आचार्य उमास्वाति । पत्र सं०–१८ । साइज–७½X५½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल–X । लेखनकाल–X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–६२ ।

१७ प्रति नं०–२ । पत्र सं०–१५ । साइज ८X५½ इञ्च । लेखनकाल–X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–६२ ।

१८ प्रति नं०–३ । पत्र संख्या–११ । साइज–११X५ इञ्च । लेखनकाल–X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–६२ ।

१९ प्रति नं०-४ । पत्र संख्या-१० । साइज-१२×६ इञ्च । लेखनकाल-× । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-जीर्ण । वेष्टन नं०-६२ ।

२० प्रति नं०-५ । पत्र संख्या १५ । साइज ९½×५½ इञ्च । लेखनकाल-× । अपूर्ण-प्रथम पत्र नहीं है । शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं०-२६७ ।

२१ प्रति नं०-६ । पत्र संख्या-१९ । साइज-१०×५ इञ्च । लेखनकाल-× । अपूर्ण एवं शुद्ध-अन्तिम पत्र नहीं है । दशा-सामान्य । वेष्टन नं०-२६७ ।

विशेष-प्रथम दो अध्याय टीका सहित हैं ।

२२ तत्त्वार्थ सूत्र टव्वा टीका । टीकाकार-पं० दौलतरामजी । पत्र सं०-४५ । साइज-११×५½ इञ्च । भाषा-संस्कृत-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल-× । लेखन काल-× । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं-६५ ।

विशेष-प्रति प्राचीन है ।

२३ तत्त्वार्थ सूत्र भाषा-भाषाकार श्री कनककीर्त्ति । पत्र सं०-२७४ । साइज-८½×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल-× । लेखनकाल सं०-१८१४ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-उत्तम । वेष्टन नं-६४ ।

२४ प्रतिनं० २ । पत्र संख्या १४३ । साइज-१०½×४½ इञ्च । लेखनकाल-सं० १८९५ । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ६४ ।

२५ प्रति नं०-३ । पत्र सं० ९४ । साइज-११×५ इञ्च । लेखनकाल-× । अपूर्ण तथा शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ६४ ।

२६ प्रति नं०-४ । पत्र सं० ६४ । साइज-११×५ इञ्च । लेखनकाल-× । अपूर्ण-प्रथम अध्याय तक ही है । शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ६४ ।

२७ प्रति नं०-५ । पत्र सं०-१०० । साइज-११×५½ इञ्च । लेखनकाल-× । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा-उत्तम । वेष्टन नं०-६६ ।

२८ तत्त्वार्थसूत्र टीका-टीकाकार-श्रीश्रुतसागर । पत्र सं० ४७० । साइज १२×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । टीकाकाल- × । लेखनकाल × । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा-उत्तम । वेष्टन नं० ६३ ।

२९ तत्त्वार्थसूत्र सटीक............ । पत्र सं० २२ । साइज १२×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ६५ ।

विशेष-प्रति प्राचीन है ।

३० द्रव्यसंग्रह-आचार्य नेमिचंद्र । पत्र सं०-५ । साइज-११×५ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-द्रव्यों का वर्णन । रचनाकाल × । लेखनकाल-सं० १८१० कार्त्तिक सुदी १५ । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ७१ ।

विशेष-पर्यायवाची शब्दों के अतिरिक्त संस्कृत में टीका भी दी हुई है । सवाई जयपुर में संघी जिनदास ने ग्रन्थ की प्रतिलिपि की थी ।

३१ प्रति नं० २ । पत्र सं०–८ । साइज–११X५½ इञ्च । लेखनकाल–सं० १७८३ श्रावण सुदी ६ । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७१ ।

विशेष–संस्कृत में पर्यायवाची शब्द दिये हुये हैं ।

३२ प्रति नं० ३ । पत्र सं०–४ । साइज–१०X४½ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७१ ।

३३ प्रति नं० ४ । पत्र सं०–८ । साइज–१०X४ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७१ ।

विशेष–प्रति सटीक है ।

३४ प्रति नं० ५ । पत्र सं०–५ । साइज–१०½X४½ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७१ ।

३५ दर्शनप्राभृत–आचार्य कुन्दकुन्द । पत्र सं०–५ । साइज १२X४½ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल X । लेखनकाल X । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७३ ।

३६ दर्शनसार–श्री देवसेन । पत्र सं०–५ । साइज १२X५ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकालX । लेखनकाल X । पूर्ण तथा शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७४ ।

विशेष–संस्कृत में पर्यायवाची शब्द दिये हुये हैं ।

३७ प्रति नं० २ । पत्र सं०–३ । साइज–११X५ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७४ ।

३८ नयचक्रभाषा–श्री हेमराज । पत्र सं०–१७ । साइज–११X५½ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–नयों का विवेचन । रचनाकाल–सं० १७२६ । लेखनकाल–सं० १७६० । पूर्ण एवं अशुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ८६ ।

३९ नवतत्त्ववृत्ति.......... । पत्र सं०–२५ । साइज–११½X५½ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–तत्त्व चर्चा । रचनाकाल–सं० १८५० । लेखनकाल X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं० ८७ ।

विशेष–टीकाकार श्री विनयसागर हैं ।

४० प्रति नं० २ । पत्र सं०–६ । साइज–१०X५ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ८७ ।

४१ प्रति नं० ३ । पत्र सं०–२८ । साइज ६X४½ इञ्च । लेखनकाल X । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ८७ ।

४२ नियमसार–आचार्य कुन्दकुन्द । पत्र सं०–८३ । साइज–११½X५ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त रचनाकाल X । लेखनकाल–सं० १७९४ कार्तिक सुदी १० । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ८८ ।

विशेष–पद्मप्रभमलधारिदेव कृत संस्कृत टीका भी है ।

४३ **पंचास्तिकाय**–आचार्य कुन्दकुन्द । पत्र सं०–६१ । साइज १०×४½ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । अपूर्ण–४८ से ५१ तक के पत्र नहीं हैं । शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १२६ ।

४४ **भावत्रिभंगी**–आचार्य नेमिचन्द्र । पत्र सं० १४४ । साइज १०½×५½ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० १४२

४५ **भावसंग्रह**–श्रुतमुनि । पत्र सं० ६२ । साइज १२×५½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल-सं० १७८४ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–जीर्ण । वेष्टन नं० १४२

४६ **प्रति नं० २** । पत्र सं०३६ । साइज १०½×४½ इञ्च । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० १४२ ।

४७ **लिंगपाहुड**–आचार्य कुन्दकुन्द । पत्र सं० ४ । साइज १२×५ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं० १७६ ।

विशेष–इसमें शीलपाहुड भी है ।

४८ **विशेषसत्तात्रिभंगी**………… । पत्र सं० १७ । साइज ११×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल–सं० १७७६ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० १७६ ।

४६ **विशेषसत्तात्रिभंगी**… । पत्र सं० ४६ । साइज १२×५½ इंच । भाषा-हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल–सं० १८०७ भादवा सुदी १३ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं. १७६ ।

विशेष–प्रारम्भ में आस्रवत्रिभंगी नाम दिया हुआ है ।

५० **प्रति नं०२** । पत्र सं० ४६ । साइज ६×५ इञ्च । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं१७६

५१ **विशेषसत्तात्रिभंगी**…… । पत्र सं० ४६ । साइज ६½×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं १६३ ।

५२ **षट्कर्मोपदेशरत्नमाला**–पं०लालचन्द । पत्र सं० १३७ । साइज १२×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । रचनाकाल सं० १८१८ । लेखनकाल × । अपूर्ण-प्रारम्भ के १०० पत्र नहीं हैं । शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २०५ ।

५३ **प्रति नं० २** । पत्र सं १०६ । साइज १२×७ इञ्च । लेखनकाल × । अपूर्ण–८ से ५१ तक के पत्र नहीं हैं । शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० २०५ ।

५४ **प्रति नं०–३** । पत्र सं० १५५ । साइज–११½×५½ इञ्च । लेखनकाल–सं० १८२१ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-उत्तम । वेष्टन नं० २०५ ।

५५ **सर्वार्थसिद्धि**–पूज्यपाद । पत्र सं० १८६ । साइज १०×६ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । रचनाकाल × । लेखनकाल–× । अपूर्ण–१६८,१८५ से १८८ तक के पत्र नहीं हैं । सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं–२६७ ।

विशेष–तत्त्वार्थसूत्र की टीका है ।

५६ सूत्रप्राभृत-आचार्य कुन्दकुन्द। पत्र सं० ३। साइज १२×५½ इञ्च। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। रचनाकाल ×। लेखनकाल-×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं०-२३५।

विशेष-संस्कृत में पर्यायवाची शब्द दिये हुये हैं।

विषय-धर्म तथा आचारशास्त्र

ग्रन्थ संख्या-४२

५७ चारित्रप्राभृत-आचार्य कुन्दकुन्द। पत्र सं०-५। साइज-१२×५ इञ्च। भाषा-प्राकृत। विषय-सम्यग्दर्शनादिक का वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० २६४।

५८ चारित्रसार-श्री चामुण्डराय। पत्र सं०-६४। साइज-१०½×५ इञ्च। भाषा-संस्कृत। विषय-धर्म। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० ४५।

विशेष-संस्कृत में संक्षिप्त टीका दी हुई है।

५९ चौदहबोल ....। पत्र सं०-३१। साइज ६×४½ इञ्च। भाषा-हिन्दी। विषय-गुणस्थानचर्चा। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० ४५।

६० चौबीसठाणा चर्चा-नेमिचन्द्राचार्य। पत्र सं०-३०। साइज-११×६ इञ्च। भाषा-प्राकृत। विषय-सिद्धांत रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा-जीर्ण। वेष्टन नं० ४३।

६१ प्रति नं० २। पत्र सं०-४८। साइज-११×५ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० ४३।

६२ प्रति नं० ३। पत्र सं०-५०। साइज-११½×६½ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० ४३।

६३ प्रति नं० ४। पत्र सं०-२६। साइज-११×६ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० ४३।

विशेष-संस्कृत में कहीं २ टीका दी हुई है।

६४ प्रति नं० ५। पत्र सं०-५७। साइज-१०½×४½ इञ्च। लेखनकाल ×। अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं०-२६४।

विशेष-संस्कृत में संक्षिप्त टीका दी हुई है।

६५ प्रति नं० ६। पत्र सं०-५३। साइज-१०½×५ इञ्च। लेखनकाल ×। अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा-सामान्य। वेष्टन नं० २६४।

६६ **चौबीसदण्डक**–पं० दौलतरामजी । पत्र सं०–३ । साइज १०३/४×६ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–धर्म । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० २६४ ।

६७ **त्रिवर्णाचार**–भ० सोमसेन । पत्र सं०–१२३ । साइज ११×५ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–तीन वर्णों के आचार धर्म का वर्णन । रचनाकाल × । लेखनकाल–सं० १८७१ वैशाख बुदी ६ । पूर्ण तथा सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ६० ।

विशेष–लिपिस्थान—जयनगर (जयपुर)

६८ **प्रति नं० २** । पत्र सं०–८८ । साइज–११×५ इञ्च । लेखनकाल सं० १८३३ अषाढ सुदी ६ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० ६० ।

६९ **त्रेपनक्रिया**–ब्रह्म गुलाल । पत्र सं०–३ । साइज–१०३/४×४३/४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–५३ क्रियाओं का वर्णन । रचनाकाल–सं० १६६५ । लेखनकाल सं० १७२२ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं०–५८ ।

७० **त्रेपनक्रियाकोश**–किशनसिंह । पत्र सं–११४ । भाषा–हिन्दी । विषय–क्रियाओं का वर्णन । रचनाकाल–सं० १७८४ । लेखनकाल–सं० १८२६ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–५८ ।

विशेष—अन्त में कोश की विषय सूची दी हुई है ।

७१ **प्रति नं० २** । पत्र सं०–३३ । साइज–८३/४×५ इञ्च । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–२६१ ।

७२ **दशलक्षणस्वरूप** .... । पत्र सं०–३७ । साइज–१२३/४×७ इञ्च । भाषा–हिन्दी गद्य । विषय–दश धर्मों का विवेचन । रचनाकाल × । लेखनकाल–× । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं०–७० ।

७३ **प्रति नं०–२** । पत्र सं०–३५ । साइज–१२३/४×७ इञ्च । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–उत्तम । वेष्टन नं०–७० ।

७४ **द्वादशांगपाठ** .... । पत्र सं०–३२ । साइज–६×६३/४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–धर्म । रचनाकाल सं० १६१८ । लेखनकाल–सं० १६५५ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७४ ।

विशेष–२० वें पत्र के आगे हिन्दी पदों का संग्रह है ।

७५ **धर्मरसायन**–आचार्य पद्मनन्दि । पत्र सं० १३ । साइज ११×५३/४ इञ्च । भाषा–प्राकृत । विषय–धर्म । रचनाकाल × । लेखनकाल–सं० १८७७ श्रावण बुदी ५ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । वेष्टन नं ७५ ।

विशेष–लिपिस्थान—जयनगर (जयपुर)

७६ **प्रति नं० २** । पत्र सं० ६ । साइज ८३/४×३३/४ इञ्च । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २६६ ।

७७ **धर्मसंग्रहश्रावकाचार**–पं० मेधावी । पत्र सं० ८५ । साइज १०३/४×४३/४ इञ्च । भाषा–संस्कृत । विषय–श्रावक धर्म वर्णन । रचनाकाल सं० १५४१ । लेखनकाल सं० १६४२ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० ७७ ।

७८ **धर्मोपदेशश्रावकाचार**–ब्रह्म नेमिदत्त। पत्र सं० २२। साइज १२×५½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–श्रावक धर्म वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल–सं० १७५८। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० ७७।

७९ **धर्मोपदेशसंग्रह**–सेवारामसाह। पत्र सं० ३३७। साइज ११×३½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–धर्म। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–उत्तम। वेष्टन नं० ७६।

विशेष—कवि प्रशस्ति दी हुई है।

८० **पद्मनंदि श्रावकाचार**–मुनि पद्मनंदि। पत्र सं० ३८। साइज १२×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–श्रावक धर्म वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल– सं० १५८०। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० १०४।

८१ **पुरुषार्थसिद्ध्युपाय**–अमृतचन्द्र सूरि। पत्र सं० २७। साइज १२×६½ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–धर्म रचनाकाल ×। लेखनकाल–सं० १८१७ आसोज बुदी ३। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० १०७।

विशेष—प्रति सटीक है। टीका संस्कृत में है।

८२ **प्रश्नोत्तरोपासकाचार**–श्री बुलाकीदास। पत्र सं० १४५। साइज १२×५½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–श्रावक धर्म वर्णन। रचनाकाल–सं० १७४७। लेखनकाल–सं० १९४१। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं १०८।

विशेष—नासरोधा ग्राम में दीवान धनकुंवरजी तेरापन्थी ने प्रतिलिपि करवायी थी।

८३ **प्रश्नोत्तरश्रावकाचार**–भट्टारक सकलकीर्ति। पत्र सं० ५५। साइज १२×६ इञ्च। भाषा संस्कृत। विषय–श्रावक धर्म वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० २६६।

८४ **प्रति नं० २**। पत्र सं० ७१। साइज ११×४ इञ्च। लेखनकाल ×। अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० २६६।

८५ **प्रति नं० ३**। पत्र सं० ९१। साइज १२×६ इञ्च। लेखनकाल–सं० १७९५। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० १०८।

विषय—नैणसागर ने जयपुर में महाराजा सवाई जयसिंहजी के शासनकाल में ग्रन्थ की प्रतिलिपि की थी।

८६ **प्रति नं० ४**। पत्र सं० ५४। साइज ११×४ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा–जीर्ण। वेष्टन नं० ७७।

८७ **मूलाचार**–शिवकीर्ति। पत्र सं०–३७। साइज १०½×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–श्रावक धर्म वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं १५३।

८८ **मिथ्यात्वमतखंडन**–श्री बखतराम। पत्र सं० ६७। साइज ८×६½ इञ्च। भाषा–तेरहपंथियों के मत का खण्डन। रचनाकाल–सं० १८७०। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–उत्तम। वेष्टन नं० १४६।

८९ **मोक्षमार्गप्रकाश**–पं० टोडरमलजी। पत्र सं० २३९। साइज १२×६½ इञ्च। भाषा–हिन्दी। विषय–धर्म। रचनाकाल। लेखनकाल–सं० १९९५। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–उत्तम। वेष्टन नं० १४६।

विशेष—पत्र १४४ से आगे का भाग सं० १९९५ में पूर्ण करवाया गया था।

६० **लाटीसंहिता (श्रावकाचार)**-पांडे राजमल्ल । पत्र सं० ८५ । साइज १०×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-श्रावक धर्म वर्णन । रचनाकाल-सं० १६४१ । लेखनकाल-सं० १८६६ असाढ सुदी ६ मंगलवार । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-उत्तम । वेष्टन नं० १७५

विशेष—प्रशस्ति विस्तृत है । लेखक-दयाचन्द । लेखनस्थान-जयपुर ।

६१ **व्रतोद्योतनश्रावकाचार**-अभ्रदेव । पत्र सं० ३५ । साइज १०½×४ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-श्रावकों के व्रतों का वर्णन । रचनाकाल × । लेखनकाल सं० १८७७ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा-सामान्य । पद्य सं० ५३० । वेष्टन नं० ८१ ।

६२ **श्रावकाचार**............. । पत्र सं० २-१६८ । साइज १०×४½ इञ्च । भाषा-गुजराती । लिपि-हिन्दी । विषय-श्रावक धर्म वर्णन । रचनाकाल × । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २७६ ।

६३ **श्रावकप्रतिक्रमण**............ । पत्र सं० १५ । साइज ११×५ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-श्रावक धर्म वर्णन रचनाकाल × । लेखनकाल-सं० १८१४ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २०४ ।

६४ **षोडशकारणभावना**....... । पत्र सं० ४६ । साइज १३×७ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-१६ भावनाओं का विवेचन । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २०७ ।

६५ **श्वेताम्बर मत के ८४ भेद**-श्री हेमराज । पत्र सं० ३ । साइज १२×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-धर्म । रचनाकाल × । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २०० ।

विशेष—श्वेताम्बर सम्प्रदाय की उत्पत्ति एवं उसकी मान्यताओं पर प्रकाश डाला गया है ।

६६ **सचित्तवस्तुवर्णनचर्चा**.......... । पत्र सं० १० । साइज १२×६½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-सचित्त पदार्थों पर धार्मिक दृष्टिकोण से चर्चा । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २३३ ।

६७ **सागारधर्मामृत**-महापंडित आशाधर । पत्र सं० ६४ । साइज ६½×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-श्रावक धर्म वर्णन । रचनाकाल सं० १२८५ । लेखनकाल-सं० १६०० आसोज बुदी १२ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २३१ ।

विशेष—कुमुदचन्द्रिका टीका सहित है ।

६८ **साधुअतिचार**.......... । पत्र सं० ४ । साइज ८×४ इञ्च । भाषा-संस्कृत । विषय-साधु धर्म का वर्णन । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २३२ ।

विषय—अध्यात्म

ग्रन्थ संख्या—३०

६६ अध्यात्मबत्तीसी—महाकवि बनारसीदास । पत्र सं० २ । साइज ११×५ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-अध्यात्म । रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं० १६ ।

१०० आत्मानुशासन—आचार्य गुणभद्र । भाषाकार पं टोडरमलजी । पत्र सं० १८० । साइज १०½×४½ इञ्च । भाषा-संस्कृत हिन्दी । विषय—अध्यात्म । रचनाकाल × । लेखनकाल सं० १८८२ वैशाख सुदी ८ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं० ५ ।

विशेष—ग्रन्थ को पंडित लूणकरणजी ने आचार्य गुणकीर्त्ति को भेंट किया था ।

१०१ जैनशतक—भूधरदास । पत्र सं० १७ । साइज ८½×६ इञ्च । भाषा—हिन्दी । विषय—वैराग्य । रचनाकाल—सं० १७८१ । लेखनकाल—सं० १८३८ । पूर्ण एवं अशुद्ध । दशा—जीर्ण । वेष्टन नं० ५४

१०२ द्वादशानुप्रेक्षा—स्वामीकुमार । पत्र सं० २२ । साइज १२×५½ इञ्च । भाषा-प्राकृत । विषय—अध्यात्म । रचनाकाल × । लेखनकाल—सं० १६३५ अषाढ बुदी ६ । अपूर्ण—प्रारम्भ के दो पत्र नहीं हैं । दशा—सामान्य । वेष्टन नं० २६८ ।

विशेष—प्रतिलिपिकार श्री पांडे सर्पणदास हैं ।

१०३ धर्मविलास—द्यानतराय । पत्र सं०—१५ । साइज—११×६ इञ्च । भाषा—हिन्दी । विषय—अध्यात्म । रचनाकाल—सं० १७५८ । लेखनकाल × । पूर्ण—उपदेश शतक तक । शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं०—७६ ।

विशेष—अन्त में कवि प्रशस्ति है । ग्रन्थ की लिपि कराने में ॥।-॥। व्यय हुये ऐसा भी उल्लेख है ।

१०४ परमात्मप्रकाश—योगीन्द्रदेव । पत्र सं—२० । साइज १०×४½ इञ्च । भाषा—अपभ्रंश । विषय—अध्यात्म रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं०—१०५ ।

विशेष—संस्कृत में पर्यायवाची शब्द दिये हुये हैं ।

१०५ प्रति नं० २ । पत्र सं०—६४ । साइज—१२×५½ इञ्च । लेखनकाल सं०—१७८६ । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं०—१०५ ।

विशेष—प्रति सटीक है ।

१०६ प्रति नं०—३ । पत्र सं०—३६ । साइज—१०×५½ इञ्च । लेखनकाल—× । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा—सामान्य । वेष्टन नं०—१०५ ।

१०७ प्रति नं० ४ । पत्र सं०—१५० । साइज—१०×४ इञ्च । लेखनकाल × । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा—जीर्ण । वेष्टन नं०—१०५ ।

विशेष—प्रति सटीक है ।

१०८ प्रति नं० ५ । पत्र सं०–३० । साइज–१२×५ इञ्च । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १०५ ।

विशेष—योगसार दोहा भी है ।

१०९. पदसंग्रह............ । पत्र सं० २७ । साइज ४×८ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–भक्ति व वैराग्य । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं २८३ ।

११० प्रति नं० २ । पत्र सं० १०७ । साइज ५३⁄४×८ इञ्च । लेखनकाल ×। अपूर्ण–३२ पत्र नहीं है । शुद्ध । दशा-सामान्य । वेष्टन नं० २८३ ।

१११ प्रवचनसार भाषा–हेमराज । पत्र सं० २६६ । साइज १२×४३⁄४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–मुख्यतः शुद्धात्मा का वर्णन । रचनाकाल सं० १७०९ । लेखनकाल सं० १७४२ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १०४ ।

विशेष—सांगानेर में साह लोहट ने प्रतिलिपि करवायी थी ।

११२ ब्रह्मविलास–भैया भगवतीदास । पत्र सं०–१७६ । साइज–१०३⁄४×५३⁄४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–अध्यात्म । रचनाकाल सं० १७७५ । लेखनकाल सं० १७६२ । अपूर्ण–१०४ का पत्र नहीं है । शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १३० ।

११३ प्रति नं० २ । पत्र सं०–४० । साइज ११×५ इञ्च । लेखनकाल × । अपूर्ण–अन्तिम पत्र नहीं है । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १३० ।

११४ बनारसी संग्रह–बनारसीदास । पत्र सं०–११२ । साइज–१०३⁄४×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–अध्यात्म । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं सामान्य शुद्ध । दशा–जीर्ण । वेष्टन नं० १३३ ।

विशेष—हेमराज कृत चौरासी बोल भी है ।

११५ बारहखडी–श्री सूरत । पत्र सं०-८ । साइज-१०३⁄४×४ इञ्च । भाषा-हिन्दी । विषय-अध्यात्म । रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १३२ ।

११६ विवेकविलास–दौलतरामजी । पत्र सं०–४२ । साइज–८३⁄४×५ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–अध्यात्म । रचनाकाल × । लेखनकाल सं० १८२७ पौष सुदी ३ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १६१ ।

विशेष—पद्य संख्या १६२ ।

११७ वैराग्यजखडी–द्यानतराय । पत्र सं०–१ । साइज–१५×७ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–वैराग्य । रचनाकाल × । लेखनकाल × । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–जीर्ण । वेष्टन नं० १६० ।

११८ प्रति नं० २ । पत्र सं०–१ । साइज–१५×७ इञ्च । लेखनकाल × । अपूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य । वेष्टन नं० १६० ।

११९ समयसार–महाकवि बनारसीदास । पत्र सं०–४३ । साइज–१०३⁄४×४ इञ्च । भाषा–हिन्दी । विषय–मुख्यतः शुद्धात्मा का वर्णन । रचनाकाल–सं० १६९३ । लेखनकाल–सं० १७१६ ज्येष्ठ सुदी १ । पूर्ण एवं शुद्ध । दशा–सामान्य ।

वेष्टन नं० २६४।

१२० समयसार भाषा–पांडे राजमल्ल। पत्र सं०–१२४। साइज ११×५ इञ्च। भाषा–हिन्दी गद्य। विषय–मुख्यतः शुद्धात्मा का वर्णन। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–जीर्ण। वेष्टन नं० २२४।

१२१ प्रति नं० २। पत्र सं०–२५। साइज १२×५½ इञ्च। लेखनकाल–सं०१९२६ अषाढ सुदी ५। अपूर्ण एवं जीर्ण। वेष्टन नं० २२४।

विशेष—लिपि संवत् पीछे का लिखा हुआ मालूम पडता है।

१२२ समाधिशतक–पूज्यपाद। पत्र सं०–२६। साइज–१०½×५ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–अध्यात्म। रचनाकाल ×। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–उत्तम। वेष्टन नं० २३०।

विशेष—प्रभाचन्द्र द्वारा रचित संस्कृत टीका भी है।

१२३ सामायिकपाठ············। पत्र सं० ७। साइज ६×३ इञ्च। भाषा–संस्कृत। विषय–आत्म निरीक्षण। रचनाकाल ×। लेखनकाल–×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–जीर्ण। वेष्टन नं०–२४०।

१२४ प्रति नं० २। पत्र सं०–३। साइज–१०½×५½ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० २४०।

१२५ प्रति नं० ३। पत्र सं० १। साइज १०½×५ इञ्च। लेखनकाल–सं० १८५५। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० २४०।

१२६ प्रति नं० ४। पत्र सं० १। साइज ११×५ इञ्च। लेखनकाल ×। पूर्ण एवं शुद्ध। दशा–सामान्य। वेष्टन नं० २४०।

